
ASHOK KUMAR MEENA
I P S


MAY I HELP YOU















फतेहगढ़ पुलिस


सातनपुर मंडी गेट पर ट्रैक्टर चालकों को जागरुक करते यातायात प्रभारी रजनेश कुमार • जागरण

## ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां न बैठाने को किया जागरूक

जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद : ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां लाते ले जाते समय हो रहीं मार्ग दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सोमवार को यातायात प्रभारी ने सातनपुर मंडी गेट पर चालकों को जागरूक किया। हिदायत दी कि सवारियां बैठाई तो कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को राजेपुर क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई थी। जिसमें दो बालिकाओं की मौत के अलावा कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस व जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियों भरने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। सोमवार को यातायात प्रभारी रजनेश कुमार, दारोगा बन्ने खां आदि सातनपुर मंडी गेट पर पहुंचे। यहां ट्रैक्टर ट्रालियों से आलू लेकर आए चालकों को एकत्र कर जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियां हादसे के शिकार हो रही हैं। कहीं भी आते जाते समय सवारियां न बैठाएं।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

# जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**फर्रुखाबाद।** जिले भर में सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध जो वाहन लगे उनकी तलाशी ली गयी। बाइक सवारों को हेलमेट लगाकर चलने की सलाह भी दी गयी। चेकिंग अभियान से खासा हड़कंप देखने को मिला। कई लोग रास्ता बदलकर भी निकले।

# बैंकों की परखी गई सुरक्षा-व्यवस्था

**फर्रुखाबाद।** जिले भर में बैंक चेकिंग अभियान सोमवार को चलाया गया। इसमें पुलिस की टीम ने बैंक शाखाओं में पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे, इमरजेंसी अलार्म चेक किये। बैंक के बाहर जो लोग संदिग्ध लगे उन्हें रोककर बैंक आने का कारण पूछा गया और तलाशी भी ली।

# महिलाओं को दिया सुरक्षा का भरोसा

**फर्रुखाबाद।** जिले भर में सोमवार को महिला सुरक्षा विशेष दल की ओर से महिलाओं को अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया गया। कहा गया कि वह घर से निकलें तो डरें न । कहीं कोई परेशान कर रहा हो तो जानकारी दें।

मीडिया सेल

# फतेहगढ़ पुलिस

## दो सटोरिया पकड़े

फर्रुखाबाद : शहर कोतवाली पुलिस ने सट्टा की खाईबाड़ी करने के आरोप में फूलबाग कालोनी निवासी ताहिर व अकील को सट्टा की खाईबाड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। बाद में दोनों को कोतवाली से ही जमानत मिल गई। – जासं

## चोरी में तीन को पकड़ा, बैटरी बरामद

कायमगंज। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली तीन युवक बैटरी बेचने जा रहे है। इस पर एसआई पिपिल कुमार, एसआई शिवकुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और तीनो को दबोच लिया। आरोपियों के पास बैटरी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपितों ने अपना शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी सचिन दिवाकर, नितिन शर्मा व शमसाबाद के प्रधानिया टोला निवासी कमलकांत बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चोरी का मोवाइल फोन वरामद, आरोपित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद : कोतवाली पुलिस ने लकूला के पास से कायमगंज क्षेत्र के गांव रायपुर खास प्रेमनगर निवासी भूरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। वह इन दिनों गिहार बस्ती लकूला में रह रहा है। उसने मोबाइल फोन चोरी की कई घटनाएं कबूली हैं। – जासं

मीडिया सेल

# फतेहगढ़ पुलिस

## मां की ममता ने मुंह मोड़ा तो फरिश्ता बन गई खाकी

संवाद सहयोगी, कायमगंज : कहावत है कि 'जाको राखे साईयां, मार सके, ना कोय'। नौ माह तक कोख में रखने वाली मां ने जाने किस मजबूरी के तहत सीने पर पत्थर रखकर जब ममता का गला घोंटा तो आम तौर पर खाकी फरिश्ता बनकर सामने आ गई। खेत में पड़े नवजात शिशु को पुलिस ने लेजाकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे दूध पिलाकर कपड़े आदि बदलवाए तो बच्चे की किलकारियों से सबके चेहरे पर मुस्कान बिखर गई।



कायमगंज सीएचसी में नवजात शिशु को नए कपड़े पहनाती स्वास्थ्यकर्मी ● जागरण

रविवार देर रात मेरापुर क्षेत्र में गांव गनेशपुर के एक खेत में कपड़े में लिपटे नवजात के पड़े होने की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह व एसआइ धर्मेंद्र सिंह बच्चे को तत्काल लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीओ सोहराब आलम व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल भी अस्पताल पहुंच गए। डा. विपिन कुमार ने नवजात का परीक्षण किया। नवजात को स्वस्थ बताते हुए उसे महिला वार्ड में वार्मर मशीन में लिटाया गया। बच्चे को दूध पिलाया गया।

इस दौरान पुलिस कर्मी नवजात शिशु के लिए बाजार से वस्त्र ले आए। स्टाफ नर्स रोनिता व वर्षा ने उसे वस्त्र पहनाए। नवजात शिशु मिलने की खबर पाकर बहुत से लोग उसे गोद लेने की चाहत में सीएचसी पहुंचने लगे। हालांकि सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा. एस इकबाल ने बताया कि नवजात को उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए पुलिस व स्वास्थ्यकर्मी अमित के साथ एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा गया है।

## खेत में मिला नवजात ,गोद लेने के लिए बढ़े हाथ

कायमगंज, संवाददाता। मेरापुर क्षेत्र में एक नवजात को खेत में डाल दिया गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कायमगंज के अस्पताल में भर्ती कराया। नवजात को गोद लेने वालो की होड़ लग गई।

रविवार को थाना मेरापुर के गांव गनेशपुर के कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे इस बीच उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वह भौचक्के रह गए। आसपास देखा तो वहां कोई नहीं था। उसकी नाल कटी हुई थी। नवजात के मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। थाना मेरापुर के एसओ दिग्विजय सिंह ,एसआई धर्मेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसओ बच्चे को खुद गोद में अस्पताल लेकर पहुंचे और उसे भर्ती कराया। स्टाफ नर्स ने बच्चे को वार्मर में रखा। बच्चा हस्तपुष्ट है। इधर बच्चे मिलने की जानकारी पर बच्चे को गोद लेने वालों की होड़ लग गई। पुलिस ने कहा अभी जांच चल रही। एसओ ने बताया बच्चा ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जो उसकी अच्छे से लालन पालन कर सके। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना अभी बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। नवजात को लेकर सीओ सोहराब आलम ने अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। वहीं सुबह कुछ दंपति जिलाधिकारी से मिले।



नवजात को गोद में लिए मेरापुर एसओ . कई लोग उसे गोद लेने के लिए आ रहे है।

### जन्म देने वाली मां को हर किसी ने कोसा

कायमगंज। खेत में नवजात के मिलने से लोग उस मां को कोस रहे थे, जिसने इस बच्चे को जन्म दिया है और इस हालत में छोड़ दिया। लोगो कहना था कि लगता हैं यह प्रसव कराया गया है। हो सकता है लोकलाज के डर से जन्म देने वाली मां ने ऐसा किया हो। ग्रामीणों का कहना है यदि अधिक रात हो जाती और नवजात को जंगली जानवर या बिल्ली कुत्ता देख लेता तो बच्चे की जान पर बन सकती थी। लेकिन भगवान का लाख लाख शुक्र है ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मीडिया सेल